काला जादू और तांत्रिक आक्रमण

कुछ समय पहले मुझे एक ईमेल द्वारा किसी युवती ने कहा कि उसे उसके भविष्य के बारे में बताएं कैसा है |साधारण तौर पर पूछे गए इस प्रश्न का उत्तर जिस तरह से दिया जाता है मैंने दिया |जैसा कि हर रोज होता है उसने मुझसे ऐसे प्रश्न पूछे जो वह पहले से जानती थी |मेरी थोड़ी सी परीक्षा लेने के बाद जब उसे लगा कि यहाँ पर उसे मदद मिल सकती है तो उसने अपनी व्यथा बताई |

इस Communication के बीच उसने मुझे बताया कि वह किसी भी प्रकार से मुझे मिल नहीं सकती न ही फोन कर सकती है और इन सबके ऊपर जो बात हैरान करने वाली है उसने कहा कि वह ईमेल भी बहुत मुश्किल से कर पा रही है |

मैंने कारण पूछा तो मुझे जवाब मिला कि वह बुरी आत्माओं से ग्रस्त है |ये बुरी शक्तियां उसके इर्द गिर्द रहती हैं मौका मिलने पर ही वह ईमेल कर पाती है |एक बार उसने किसी ज्योतिषी से इसी प्रकार मदद लेने की कोशिश की थी परंतु काले जादू के प्रभाव ने उस बेचारे पंडित को भी नहीं छोडा |यदि आपको मेरी मदद करनी है तो ईमेल द्वारा ही कीजिये |केवल मेरे भविष्य के बारे में बता दीजिए मैं इन शक्तियों से खुद निपट लूंगी |

मुझे याद है इस महिला पर इसके अपने नजदीकी सम्बन्धी ने काला जादू किया था जो कि इसकी कुंडली देखने के बाद मैंने जाहिर कर दिया था |

अब प्रश्न यह उठता है कि क्या उसका इलाज हो सकता था? क्या मैं या और कोई इस दशा में कुछ कर सकता था?

मेरे विचार में इस का उत्तर है नहीं |

आइये जानते हैं क्यों और कैसे |

काला जादू टोना टोटका और तांत्रिक आक्रमण

येह सच है कि इस तरह के आक्रमण कोई करीबी सदस्य या घर में आने जाने वाला कोई ऐसा व्यक्ति ही कर सकता है जो बिना रोक टोक घर में आ जा सके |अधिकतर मामले ऐसे ही होते हैं जब कोई अपना ही किसी निजी स्वार्थ के लिए काले जादू या टोने टोटके का प्रयोग करता है |

यहाँ पर यह जानना आवश्यक है कि वह व्यक्ति कौन है और आपकी क्या चीज ऐसी है जो कि शरीर पर आप पहनते थे और अब आपके पास नहीं है | जूता, चप्पल, कपडा या कुछ और, कुछ भी हो सकता है | अब कोई मदद करे इससे पहले देखिये कि काले जादू, तांत्रिक आक्रमण की तीव्रता क्या है | यदि कम है तो इलाज हो सकता है और यदि अधिक है और समय भी बहुत हो गया है तो बेहद मुश्किल | जो भी मदद करेगा वह भी चपेटे में आ जायेगा | यह सर्वविदित है |

क्या लक्षण हैं

आपको काले जादू से ग्रस्त व्यक्ति के पास बैठने से ही डर लगने लगेगा | यदि तीव्रता कम है तो स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है या कोई गंभीर बीमारी लग जाती है और टेस्ट में कुछ भी नहीं आता | मेडिकल विज्ञान असहाय सा मालूम होता है | कल्पना कीजिये कि किसी ठीक ठाक व्यक्ति को यदि heavy dose दे दी जाए तो उस पर क्या असर पड़ेगा | लेकिन जिस के शरीर पर किसी बुरी आत्मा का प्रकोप है उसे इन दवाइयों का असर उस समय बिलकुल नहीं होता | असर होता है तब जब बुरी आत्मा कुछ समय के लिए ग्रस्त व्यक्ति के शरीर से बाहर आती है | इस विषय में यदि मेडिकल कुछ न कर पाए तो यह मान लेना चाहिए कि कुछ न कुछ supernatural है | कुछ भी सामान्य नहीं लगता है | आवाज बदल जाए तो वह काले जादू का चरम होता है | कम से कम विज्ञान के पास तो इसका कोई जवाब नहीं है |

बचाव या कोई उपाय

सबसे आसान उपाय है कि पता लगाइए कि कौन व्यक्ति इस के लिए उत्तरदायी है | यदि आप उस व्यक्ति को खोज पायें तो सबसे आसान ये है कि वही व्यक्ति इस मुश्किल से निकलने में आपकी सबसे अधिक सहायता कर सकता है | आसान तो नहीं है परंतु सच यही है |

पता लगाइए कि काला जादू किया गया है या किसी बुरी आत्मा ने व्यक्ति के शरीर में प्रवेश किया है | जन्मकुंडली से केवल यह पता चल सकता है कि भूत प्रेत से या जादू टोने से आपको जीवन में कब और कितने समय तक जूझना पड़ सकता है | आप बच पाएंगे या नहीं यह भी पता लगाया जा सकता है परंतु दुर्भाग्य से ज्योतिष भी एक हद तक ही आपकी मदद कर पायेगा |

तो क्या किया जाये | कुछ भी करें परंतु उम्मीद मत छोडें | मनोबल को बढाकर और उस मूल कारण या स्त्रोत तक पहुंचकर बहुत कुछ किया जा सकता है | यही सबसे छोटा रास्ता है और कारगर भी |

मेरी दृष्टि में तो एहतियात ही सबसे बड़ा उपाय है |काले जादू से बचा जा सकता है यदि आपको पहले से मालूम हो कि यह आक्रमण आप पर हो सकता है परंतु अभी हुआ नहीं है तो इससे बचा जा सकता है |गोमेद और फिरोजा दोनों ही शत्रुओं से बचाव करने में सक्षम हैं |यदि

कोई आप पर इस तरह का आक्रमण करने की कोशिश भी करेगा तो पकड़ा जाएगा |

रुद्राक्ष भी मददगार सिद्ध हो सकता है यदि आपने पहले से पहन रखा है |

सबसे बड़ा उपाय है आप अपना मनोबल बढाइये |मनोबल बढ़ाने के लिए नीचे मन्त्र दिया जा रहा है |अधिक से अधिक प्रयोग कीजिये

ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः

अब जब आपको लगे कि आपका मनोबल बढ़ गया है और आप किसी भी समस्या के आने पर अब पहले की तरह हताश नहीं होते अपितु साहस में भी वृद्धि हुई है तो शक्ति प्रयोग कीजिये |

शक्ति प्रयोग एक ऐसा माध्यम है जिसके बल पर आप अपने शत्रु पर विजय प्राप्त ही नहीं करेंगे अपितु उसका सच समाज के सामने ला सकते हैं |शक्ति प्रयोग में आपको केवल मनोबल की आवश्यकता रहती है |गूढ़ विद्या है जिसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता |केवल वही व्यक्ति शक्ति प्रयोग करे जो असहाय है, दुर्बल है और सबसे बढ़कर सच की राह पर है

धन्यवाद